प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE

बहराइच नगर पालिका परिषद की डिजिटल टैक्स संग्रह प्रणाली को इंडियन बैंक ने दिया नया आयाम

चेन्नै 07 दिसंबर 2024: इंडियन बैंक, भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र बैंक ने स्थानीय निवासियों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ मिलकर ऑनलाइन टैक्स कलेक्शन पोर्टल लॉन्च किया है। इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री महेश कुमार बजाज ने बहराइच के नगर पालिका सभागार में कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन किया।

डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करते हुए यह पोर्टल स्थानीय निवासियों को अपने नगरपालिका टैक्स का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए एक सुविधाजनक, पारदर्शी एवं प्रभावशाली मंच प्रदान करता है। यह पहल उत्तर प्रदेश के 25 नगरपालिकाओं में डिजिटल सॉल्यूशन्स को लागू करने के एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिसमें सबसे पहले बहराइच में यह सेवा शुरू की गई है।

इस पोर्टल का उद्देश्य टैक्स संग्रह प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है एवं जनता के लिए सरल अनुभव सुनिश्चित करने के साथ-साथ नगरपालिका के कार्यप्रणाली की दक्षता और पारदर्शिता में सुधार लाना है। इससे बहराइच के सभी स्थानीय निवासियों के लिए शीघ्रतापूर्वक टैक्स भुगतान करना सुलभ एवं अधिक सुविधाजनक हो जाएगा।

इंडियन बैंक की यह पहल नगरपालिकाओं की सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके द्वारा सरकारी प्रयासों का समर्थन करने तथा स्थानीय समुदायों को आधुनिक, कुशल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के बैंक के बढ़ते प्रयासों को नया आयाम मिल रहा है। यह ऑनलाइन पोर्टल भविष्य में अन्य विभागों के लिए भी एक मॉडल साबित होगा, जिसके द्वारा आम जनता को तेज और अधिक प्रभावी सेवा प्रदान की जा सकेंगी।